भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. 206
06 अगस्त, 2024 को उत्तरार्थ

विषय : किसानों को मुआवजा
***206.श्री हरेन्द्र सिंह मलिकः**

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या सरकार ने किसान आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को निर्धारित राशि प्रदान करने और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने के लिए कोई प्रारूप तैयार किया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री शिवराज सिंह चौहान)

(क) से **(ग) :** विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

"किसानों को मुआवजा" के संबंध में दिनांक 06.08.2024 को लोक सभा में उत्तर दिए जाने वाले तारांकित प्रश्न सं. 206 के भाग (क) से (ग) के संबंध में उल्लिखित विवरण।

(क) से **(ग):** कृषि राज्य का विषय है, इसलिए राज्य सरकारें राज्यों में लागू कानूनों के अनुसार राहत प्रदान करती हैं। भारत सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय उचित नीतिगत उपायों, बजटीय सहायता और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से राज्यों के प्रयासों को पूरा करता है।

*****